# आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड
# नई दिल्ली

दिनांक: 17-10-2023

## <u>सूचना</u>

*****

**कृपया ध्यान दें: एनबीईएमएस प्रत्यायित अस्पताल एवं समस्त एनबीईएमएस प्रशिक्षु**

**विषय: एनबीईएमएस प्रशिक्षुओं द्वारा वार्षिक पाठ्यक्रम शुल्क का भुगतान**

1. एनबीईएमएस सार्वजनिक सूचना दिनांक: 22.12.2020, 15,01.2021, 15.02.2021, 19.08.2021 एवं 21.01.2022 के माध्यम से, एनबीईएमएस DNB/DrNB/FNB/डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के सभी वर्तमान प्रशिक्षुओं (प्रशिक्षण के सभी वर्षों के) से पाठ्यक्रम शुल्क एकत्र कर रहा है। तत्पश्चात यह पाठ्यक्रम शुल्क दो छमाही किस्तों में संबंधित अस्पतालों को वापस स्थानांतरित कर दिया गया।

2. उपरोक्त सभी सार्वजनिक सूचनाओं के अधिक्रमण में, एनबीईएमएस 2024 प्रवेश सत्र से (DNB/DrNB/FNB/डिप्लोमा)पाठ्यक्रम के केवल पहले वर्ष के लिए पाठ्यक्रम शुल्क एकत्र करेगा। इस पाठ्यक्रम का शुल्क संग्रहण काउंसलिंग के समय किया जाएगा। आवंटित अस्पताल में उम्मीदवार के ज्वाइन होने की पुष्टि होने के पश्चात् यह पाठ्यक्रम शुल्क एक ही किस्त में अस्पताल को वापस स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

3. प्रशिक्षण के शेष वर्षों के लिए पाठ्यक्रम शुल्क का भुगतान उम्मीदवारों द्वारा सीधे अस्पताल को किया जाएगा, इसमें एनबीईएमएस की कोई भागीदारी नहीं होगी।

4. जो उम्मीदवार 2023 में एनबीईएमएस पाठ्यक्रमों में ज्वाइन हुए हैं, उन्हें शुल्क देय होने पर अपने दूसरे और तीसरे वर्ष के पाठ्यक्रम शुल्क का भुगतान सीधे अस्पताल में करना होगा।

5. इसी प्रकार, 2021 एवं 2022 प्रवेश सत्र के उम्मीदवारों को अपने तीसरे वर्ष के पाठ्यक्रम शुल्क का भुगतान सीधे अस्पताल में करना होगा, जब ऐसा शुल्क देय हो (द्वितीय वर्ष के पाठ्यक्रम शुल्क का भुगतान 2023 में एनबीईएमएस को किया जाना है)।

6. 2019 प्रवेश सत्र के लिए पोस्ट एमबीबीएस-सीधे 6-वर्षीय पाठ्यक्रम के उम्मीदवारों को अपने 5वें वर्ष का शुल्क एनबीईएमएस (2023 में देय) और 6वें वर्ष का शुल्क अपने प्रशिक्षण संस्थान को देना होगा। इसी प्रकार, 2020 प्रवेश सत्र के लिए पोस्ट एमबीबीएस-सीधे 6-वर्षीय पाठ्यक्रम के उम्मीदवारों को अपने चौथे वर्ष के पाठ्यक्रम शुल्क का भुगतान एनबीईएमएस (2023 में देय) और 5वें और 6वें वर्ष के पाठ्यक्रम शुल्क को अपने प्रशिक्षण संस्थान को करना होगा।

7. एनबीईएमएस प्रशिक्षु जो राज्य सरकार/सशस्त्र बल/रेलवे/पीएसयू और ईएसआईसी के विभिन्न एनबीईएमएस प्रत्यायित अस्पतालों में "इन-सर्विस" डॉक्टरों के लिए आरक्षित सीटों पर ज्वाइन हो गए हैं, उन्हें एनबीईएमएस को वार्षिक पाठ्यक्रम शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। इसके बजाय, इन अस्पतालों पर लागू नीति और नियमों के अनुसार वार्षिक पाठ्यक्रम शुल्क का भुगतान उनके संबंधित अस्पतालों को करना होगा।

8. यदि काउंसलिंग की अपग्रेडेशन प्रक्रिया के दौरान, उम्मीदवार को कोई अन्य सीट (एमडी/एमएस) मिलती है, लेकिन डीएनबी सीट काउंसलिंग के बाद के राउंड में शामिल हो जाती है, तो प्रथम वर्ष का पाठ्यक्रम शुल्क उम्मीदवार को वापस कर दिया जाएगा। ऐसे उम्मीदवारों की धनवापसी प्रक्रिया उस प्रवेश सत्र की काउंसलिंग पूरी होने के पश्चात् ही शुरू की जाएगी।

9. किसी भी प्रश्न के लिए, कृपया एनबीईएमएस वेबसाइट https://natboard.edu.in पर "Contact Us" मेनू के अंदर संचार वेब पोर्टल के माध्यम से या https://exam.natboard.edu.in/communication.php?page=main पर जाकर एनबीईएमएस को लिखें।

**एनबीईएमएस**

# NATIONAL BOARD OF EXAMINATIONS
# IN MEDICAL SCIENCES
# NEW DELHI

Dated: 20-10-2023

## NOTICE

*****

**Kind Attention: NBEMS Accredited Hospitals and all NBEMS trainees**

**Subject: Payment of Annual Course Fee by NBEMS Trainees**

1. Vide NBEMS public notices dated 22.12.2020, 15,01.2021, 15.02.2021, 19.08.2021 and 21.01.2022, NBEMS has been collecting the course fee from all the ongoing trainees (of all years of training) of DNB/DrNB/FNB/Diploma courses. This course fee was thereafter transferred back to the respective hospitals in two six monthly instalments.

2. In supersession of all the above public notices, NBEMS from 2024 Admission Session will be collecting the course fee only for the first year of the course (DNB/DrNB/FNB/Diploma). This course fee collection will be done at the time of counseling. This course fee will be transferred back to the hospital in one single instalment after the joining of the candidate in the allotted hospital is confirmed.

3. The course fee for the remaining years of training will be paid by the candidates directly to the hospital with no involvement of NBEMS in the same.

4. Candidates who have joined NBEMS courses in 2023 are required to pay their second and third-year course fee directly to the hospital when such fee is payable.

5. Similarly, the candidates of 2021 and 2022 Admission Session are required to pay their 3$^{rd}$ year course fee directly to the hospital when such fee is payable (the 2$^{nd}$ year course fee is to be paid to NBEMS in 2023).

6. The candidates of Post MBBS-Direct 6-year course for 2019 Admission Session are required to pay their 5th year fee to NBEMS (payable in 2023) and 6th year fee to their training institute. Similarly, the candidates of Post MBBS-Direct 6-year course for 2020 Admission Session are required to pay their 4th year course fee to NBEMS (payable in 2023) and 5th and 6th year course fee to their training institute.

7. NBEMS trainees who have joined the seats reserved for “In-service” doctors in various NBEMS Accredited Hospitals of the State Government / Armed Forces / Railways / PSU and ESIC are not required to pay the Annual Course Fee to NBEMS. Instead, the Annual Course Fee has to be paid to their respective hospitals as per policy and rules as applicable to these hospitals.

8. First year course fee shall be refunded back to the candidate if during the upgradation process of counseling, the candidate gets some another seat (MD/MS) but DNB seat in included in subsequent rounds of Counseling. The Refund process of such candidates shall be started only after the completion of the Counseling of the concerned admission session.

9. For any queries, please write to NBEMS through the Communication Web Portal under the “Contact Us” menu on NBEMS website https://natboard.edu.in or by visiting https://exam.natboard.edu.in/communication.php?page=main.

**NBEMS**